एड्स के रोगियों को दाखिल नहीं किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि एड्स के रोगियों को देश में किसी प्रकार का उपचार मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(ग) यदि हां, तो देश में ऐसे रोगियों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें अस्पतालों में दाखिल नही किया गया ; और

(घ) ऐसे रोगियों को उपचार प्रदान करने हेतु सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (घ) महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया है कि ऐसे केवल एक मामले की सूचना दी गई थी जो जांच पड़ताल करने पर सही नहीं पाई गई। कोई अन्य मामला सरकार के ध्यान में नहीं आया है। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने स्पष्ट एवं विशिष्ट आदेश जारी किए हैं कि भारत सरकार अथवा राज्य सरकारों के नियंत्रणाधीन किसी भी सार्वजनिक अस्पताल में एड्स के रोगियों को दाखिल करने अथवा उनका उपचार करने से मना न किया जाए।

मच्छरों का उन्मूलन

2716. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विगत दो वर्षों के दौरान मच्छरों के उन्मूलन के लिए कोई व्यवस्था की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और किन खामियों के कारण मच्छरों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है ; और

(ग) सरकार भविष्य में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है जिससे की मच्छरों की बढ़ती हुई संख्या तो तुरन्त नियंत्रित किया जा सके और इनके द्वारा फैलाए गए संभावित रोगों से आम जनता को बचाया जा सके ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री० बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) मच्छरों का उन्मूलन करना व्यवहार्य नहीं है वैसे मच्छरों से फैलने वाले मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए केवल कीटनाशकों का छिड़काव, लार्वानाशकों, लार्वाभक्षी मछलियों आदि का प्रयोग ही किया जा रहा है।

Opening of New Hospitals in Delhi

2717. SHR RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) what is the number of hospitals at present functioning in the Union Territory of Delhi indicating the bed-strength available in each Hospital as against the requirement strength during 1992-93;

(b) whether the Government propose to open more hospitals in the peripherial areas during 1993-94 as well as during the Eigth Five Year Plan period, and if so, the details thereof;

(c) what is the budgetary provisions made for this purpose during the current financial year as well as during the plan period keeping in view the growing popularity in and around the Union Capital; and

(d) whether any criterion fixed for, opening of more Hospitals in proportion to the rise in population in Delhi Capital Region?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) The details of the hospitals functioning in Delhi with bed strength is given at Annexure. (See Appendix CLXVI, Annexure No. 51). The requirement of hospitals is determined,